हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई, 2025


तापमान

अधिकतम 35.7 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री


11 एमडीयू में उत्सव, छात्रों को दिया जीवन निर्माण का मंत्र



12 पानी निकासी का जायजा लेने महम क्षेत्र में पहुंचे डीसी




## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- शहर के परीक्षा केंद्रों पर एचटेट परीक्षा।
- बिजली निगम में मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### कई परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित बीसीए दूसरे समेस्टर री-अपीयर, चौथे सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर तथा पांचवें सेमेस्टर री-अपीयर, बीबीए-बीबीए-बीई-बीबीए-सीएएम-बीबीए-सेकेंड के चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा दूसरे व पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर, बीए-बीएससी आल कोर्सेज पास एंड आनर्स के चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, बैचलर ऑफ स्पोर्ट साइंस तथा बैचलर ऑफ सोशल वर्क के चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा बैचलर ऑफ कामर्स-पास, आनर्स व वोकेशनल के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### एमडीयू में आज रहेगा अवकाश

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 30 जुलाई को अवकाश रहेगा। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला द्वारा जारी दिशा-निर्देशों अनुसार 30-31 जुलाई को एचटेट की लिखित परीक्षा के चलते 30 जुलाई को एमडीयू में अवकाश रहेगा। विश्वविद्यालय के स्टाफ सदस्य, जिनकी ड्यूटी एचटेट परीक्षा में लगी है, वे इन दिनों शेड्यूल के हिसाब से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे।

### प्रो. रणदीप राणा विभाग के अध्यक्ष नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मानविकी एवं कला संकाय के डीन प्रो. रणदीप राणा को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. रणदीप राणा को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर 1 अगस्त 2025 से आगामी आदेशों तक दिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रो. रणदीप राणा शिक्षण, शोध एवं प्रशासनिक कार्यों का लंबा अनुभव रखते हैं। वे इससे पूर्व भी विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारियां सफलतापूर्वक निभा चुके हैं।



प्रो. रणदीप राणा

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्यवाही की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि एक युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सुरजपाल निवासी मलिकपुर जिला बदायु हाल दिल्ली के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ आईएमटी थाना में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

# आज और कल एचटेट, सुरक्षा के कड़े इंतजाम 44 केंद्रों पर 25 हजार 274 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे

## दो दिन तक स्कूलों का किया गया अवकाश, परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर में बरती जाएगी सख्ती

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित करवाई जाएगी तीन लेवल की परीक्षा
- प्रशासन ने की पूरी तैयारी छात्रों को असुविधा नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 30 व 31 जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा। एचटेट को नकल रहित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके लिए भारी तादाद में पुलिस बल और उड़नदस्ता टीमें तैनात की गई हैं। इसके अलावा प्रशासन की टीमें हर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेंगी। गेट पर प्रवेश के दौरान सख्ती से नियमों की पालना करवाई जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। प्रशासन की तरफ से दो दिन के लिए सरकारी स्कूलों के अवकाश की घोषणा की गई है। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ मौजूद होने और फोटो कॉपी शॉप खोलने पर रोक लगाई गई है। प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है। करीब 25274 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया हुआ है।

### परीक्षा केंद्रों के सौ मीटर में सख्ती

जारी आदेश के तहत एचटेट के लिए जिला में स्थित 41 परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि तथा जिला में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटरों में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने (ड्यूटी पर तैनात स्टाफ व परीक्षार्थियों के अलावा) व हथियार, विस्फोटक जैसे, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू व अन्य हथियार इत्यादि लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### बंद रहेंगी दुकानें

इसके अलावा परीक्षा केंद्रों की परिधि में स्थित जीरोक्स, फोटोस्टेट दुकानों, डुप्लीकेट सुविधा, साइबर कैफे व अन्य संबंधित दुकानें भी 30 व 31 जुलाई को सभी सत्रों की परीक्षा संपन्न होने तक बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। हालांकि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस व अन्य कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। इन आदेशों की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 या अन्य संबंधित अधिनियम / नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### अवकाश घोषित किया

एचटेट के परीक्षा केंद्रों से संबंधित शैक्षणिक संस्थाओं में 30 व 31 जुलाई को अवकाश घोषित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 30 व 31 जुलाई 2025 को तीन सत्रों में आयोजित करवाई जा रही हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के दृष्टिगत जिला में स्थापित किए गए परीक्षा केंद्रों से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में 30 व 31 जुलाई को दो दिन का अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के तहत एचटेट का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया है। संस्थानों का बंद रहना अनिवार्य है।

### ऐसे रहेगा परीक्षा का शेड्यूल

30 जुलाई को लेवल तीन के लिए परीक्षा का आयोजन सांय कालीन सत्र में करवाया जाएगा। जिले में लेवल तीन परीक्षा 27 परीक्षा केंद्रों पर होगी तथा हर परीक्षा केंद्र पर 312-312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस दिन करीब 8424 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। 31 जुलाई को प्रातः कालीन सत्र में लेवल दो की परीक्षा के लिए 41 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। केंद्रों में 190 से 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस दिन करीब साढ़े 12 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी तरह इसी दिन सांय कालीन सत्र में लेवल एक के लिए 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन परीक्षा केंद्रों पर 105 से लेकर 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। करीब 25274 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया हुआ है।

### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

- बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल
- छोटू राम विधि संस्थान
- छोटू राम मेमोरियल पब्लिक स्कूल
- जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल
- डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल
- इंटरनेशनल भारती स्कूल, गोहाना रोड
- जेपी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-36
- जैन पब्लिक स्कूल, माता दरवाजा
- जॉन वेस्ली कॉन्वेंट, मकड़ोली टोल
- एमडीएन पब्लिक स्कूल, बस स्टैंड
- एमआर डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन
- एमएस सरस्वती स्कूली
- जैड ग्लोबल स्कूल, भगवतीपुर,
- सरकारी मॉडल संस्कृति स्कूल
- महेंद्रा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल
- महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज
- सांगवान इंटरनेशनल स्कूल, मकड़ोली टोल प्लाजा के पास
- सत प्रिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
- एसबी मॉडल स्कूल, भिवानी रोड
- स्कॉलर्स रोजरी सोनीपत रोड
- श्री एलएन हिंदू कॉलेज, भिवानी रोड
- शिक्षा भारती स्कूल गोहाना रोड
- शिक्षा भारती विद्यालय, राम नगर
- बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल
- स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल
- यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल, एमडीयू
- वैश्य पब्लिक स्कूल, रेलवे स्टेशन
- विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल
- विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल, काठ मंडी
- एसआरएस पब्लिक स्कूल, आईएमटी
- एसआरएस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड
- सैनी कॉलेज, सैनी हाई स्कूल रोड

### परीक्षा को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी

एचटेट परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्र अथवा परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी 4 अलग-अलग नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी रोहतक जय भगवान के मोबाइल नंबर 9468444599, बीआरसी सुंदरलाल के मोबाइल नंबर 9255183811, वी टी अशोक कुमार के मोबाइल नंबर 9466627898, और जिला शिक्षा अधिकारी के टेलीफोन नंबर 01262-271871 पर संपर्क किया जा सकता है।



डीसी धर्मेंद्र सिंह

## नगर निगम ने दिखाई सख्ती

# कूड़ा निस्तारण में लापरवाही बरतने पर एमडीयू पर 20 हजार रुपये का जुर्माना



- विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के साथ वाली सड़क पर खुले में कूड़ा फेंका जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम प्रशासन अब पूरी तरह सख्त हो गया है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक को कूड़ा निस्तारण में लापरवाही बरतने पर 20 हजार रुपये का चालान किया गया है। यह कार्रवाई उस समय की गई जब नगर निगम की निरीक्षण टीम ने पाया कि विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के साथ वाली सड़क पर खुले में कूड़ा फेंका जा रहा था।

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि एमडीयू एक बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आता है, जिसे अपने कूड़े का निस्तारण स्वयं वैज्ञानिक तरीके से या किसी अधिकृत तृतीय एजेंसी से करवाना अनिवार्य है। नगर निगम ने पहले विश्वविद्यालय को नोटिस जारी कर कूड़ा प्रबंधन की जानकारी मांगी थी। जांच के दौरान पाया गया कि कूड़े का निस्तारण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया गया, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। निगम ने शहर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चला रखा है। गंदगी फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है और जहां भी अवैध रूप से कूड़ा फेंका जा रहा है, वहां चालान की कार्रवाई की जा रही है।

### खुले में पशु छोड़ने पर होगी कार्रवाई

आयुक्त ने पालतु पशुओं को खुले में छोड़ने की समस्या पर भी सख्त रवैया अपनाने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पहले ही इस संबंध में लोगों से अपील की गई थी कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें, क्योंकि इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और आमजन को असुविधा होती है। अब नगर निगम की टीम ऐसे पशु मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी। पहली बार पशु पकड़े जाने पर 5000 रुपये का जुर्माना, दूसरी बार पर 11000 रुपये का जुर्माना और तीसरी बार पशु को जब्त कर 21 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

# गांव जिंदराण कलां में अवैध कॉलोनी में एक ढाबा और एक निर्माण गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रशासन द्वारा रोहतक नियनत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों/कालोनियों को गिराने का निरंतर अभियान जारी है। इस अभियान के तहत गांव जिंदराण कलां में एक अवैध कॉलोनी में 12 डीसीपी, 2 चारदीवारी, एक नियंत्रित क्षेत्र में ढाबा व एक अवैध निर्माण को तोड़ा गया। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिला में अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपनें दिया जाएगा। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे अपने जीवन की कमाई को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर



अवैध निर्माण/कॉलोनी को गिराने का अभियान चलाया जाता है।

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी।

# जवाहर नगर में डेयरी के कारण फैल रही गंदगी, लोग परेशान

**रोहतक।** जवाहर नगर स्थित एक डेयरी के आसपास काफी गंदगी फैली हुई है। दिन-प्रतिदिन सीवर बंद होने के कारण गलियों में गोबर का पानी बहता रहता है और सड़कों पर गोबर व गंदा पानी खड़ा रहता है। पानी खड़े होने के कारण लोग गलियों में प्रवेश नहीं कर पाते और बुजुर्ग गिर भी जाते हैं।



# नहीं हो पाई शव की पहचान

**सांपला।** कस्बे के महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑफिस में मिले अधेड़ व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतक की जेब से मिली डायरी में उसका नाम श्यामलाल लिखा हुआ है। लेकिन मृतक के परिजनों का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को महिला कर्मचारी ने कार्यालय परिसर में अधेड़ का शव देखा था। मृतक के सिर में चोट के गहरे निशान मिले, जिससे मामला हत्या का लग रहा है। मृतक के आसपास काफी मात्रा में खून फैला हुआ था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# नहरी पानी की कटौती के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन, सिंचाई विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फसल सिंचाई के लिए नहरी पानी की भारी किल्लत और पानी में की जा रही कटौती के खिलाफ मंगलवार जिले के दर्जनों गांवों के किसानों ने एकजुट होकर सिंचाई विभाग कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने अधीक्षण अभियंता, सिंचाई विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि अगर जल्द ही नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

किसान सभा से सुमित दलाल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि काहनौर ब्रांच और भालोठ सब ब्रांच से जुड़े गांवों के किसान इस समय भारी संकट से गुजर रहे हैं। खेतों में धान की फसल सूख रही है और कई किसान जिनके पास सिंचाई के निजी साधन नहीं हैं, वे बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। काहनौर ब्रांच की डिमांड 610 क्यूसेक पानी की है, लेकिन फिलहाल इसमें बिल्कुल भी पानी नहीं है। पहले जहां नहर में सप्ताहभर पानी मिलता था, अब वह भी घटकर तीन दिन का हो गया और अब तीन दिन भी पानी मिलना बंद हो गया है। इस स्थिति से खिड़वाली, घुसकानी, टिटौली, घड़ौठी खरेंटी, चिड़ी,लाखनमजरा, समारगोपालपुर, भगवतीपुर जैसे गांवों के किसान प्रभावित हैं। भालोठ सब ब्रांच की मांग 1200 क्यूसेक पानी की है, लेकिन पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। इस ब्रांच से जुड़े रिठाल, किलोई, भालोठ, मायना, धामड़, लाढ़ौत, चमारियां, आसन में किसान जल संकट का सामना कर रहे हैं।




**रोहतक।** सिंचाई विभाग कार्यालय के बाहर अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य।

## नगर निगम आयुक्त के निर्देश, कूड़ा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी

# गोहाना अड्डा बूस्टर के सामने से हटेगा अतिक्रमण सीसीटीवी फुटेज से पहचान करके चालान काटे जाएंगे

- गोहाना रोड से माता दरवाजा की ओर जाने वाले मार्ग पर मुख्य सड़क पर स्थायी अतिक्रमण
- सड़क के बीचों-बीच कूड़ा डाला जा रहा, जिससे यातायात हो रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना अड्डा के पास बूस्टर के सामने सड़क पर किए गए अतिक्रमण और सड़क के बीच में कूड़ा डालने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर निगम प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। इस संबंध में संयुक्त आयुक्त मंजीत कुमार के नेतृत्व में निगम की टीम ने मौका निरीक्षण किया और समस्याओं की पुष्टि की।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोहाना रोड से माता दरवाजा की ओर जाने वाले मार्ग पर मुख्य सड़क पर स्थायी अतिक्रमण कर लिया गया है और सड़क के बीचों-बीच कूड़ा डाला जा रहा है, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस पर आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए, वहीं मुख्य सफाई निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि आगे से वहां कूड़ा न डाला जाए। आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सोमवार सुबह से ही कूड़ा डालने वालों के चालान काटने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। इसके लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से कूड़ा फेंकने वालों की पहचान कर चालान किए जाएंगे, ताकि भविष्य में दोबारा इस प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



**रोहतक।** निरीक्षण के दौरान दुकानदार से बात करते नगर निगम के अधिकारी।

### दो से तीन दिनों में पूरा होगा काम

संयुक्त आयुक्त मंजीत कुमार ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सीवर के मैनहोल को सड़क के स्तर पर लाने का कार्य भी किया जाएगा, जिससे आवागमन में सुविधा रहे। यह कार्य दो से तीन दिनों में पूरा किया जाएगा। नगर निगम की ओर से संबंधित लोगों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं, अन्यथा निगम की टीम बलपूर्वक अतिक्रमण हटाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, नगर अभियंता सत्यव्रत, भू-अधिकारी संदीप बत्तरा, मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन, सहायक सफाई निरीक्षक कृष्ण लाल और संदीप राठी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# गोशाला में ग्रांट जारी करने के लिए डीसी को ज्ञापन




**रोहतक।** गोवंश के लिए ग्रांट के लिए डीसी से मिलने गोशाला संचालक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले की गोशाला संचालकों ने सरकार से गोवंश के लिए ग्रांट जारी करने की मांग की है। इसके लिए जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

गोशाला संचालकों ने बताया कि अगस्त 2024 में सरकार ने घोषणा की थी कि 1 अगस्त 2024 से हरियाणा में गोवंश के लिए 10, 20 व 25 रुपये प्रतिदिन प्रति गोवंश चारा ग्रान्ट लगातार दी जाएगी लेकिन आज तक जिले की पंचायती गोशाला कलानौर व समरगोपालपुर में अभी तक कोई चारा सहायता राशी नहीं मिली है। इसी तरह पूरे हरियाणा में 96 गोशाला सहायता राशी से वंचित हैं। 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक की चारा सहायता राशी अभी तक किसी गोशाला को प्राप्त नहीं हुई है। जबकि अप्रैल 2025 में गोसेवा आयोग की मीटिंग में 15 मई 2025 तक चारा सहायता राशी भेजने की तिथि निर्धारित कर दी गई थी। इसके उपरान्त भी अभी तक कोई सहायता राशी आज तक नहीं मिली है। उनकी समस्या का समाधान करवाया जाए।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।



लाइफ Style

# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

## हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।




# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

## टीवी मसाला




# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन



हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।

# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता



सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉड्र्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉड्र्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉड्र्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*


### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकतीः सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।



**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहींः अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप

### सरकार से सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग

**रोहतक।** कांग्रेस नेता अड़ीचंद निंबड़िया ने कहा है कि राजनीतिक गढ़ कहे जाने वाले रोहतक के निवासियों को सरकार को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। विभिन्न कॉलोनियों में गन्दे पानी की सप्लाई हो रही है। बार-बार बिजली के कट लगना, समय अनुसार पानी की सप्लाई न होना, बिजली के रेट बढ़ना, गैस सिलेण्डर के दामों में बढ़ोतरी होना, तीव्रता से महंगाई बढ़ना आदि समस्याओं से लोग ग्रस्त हैं।

### एफडीसी में ट्रेनिंग प्रोग्राम एक अगस्त को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज 1 अगस्त को- कम्यूनिकेशन स्किल एट वर्कप्लेस विषय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा बतौर की-नोट स्पीकर इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम एफडीसी सेमिनार हाल में अपराह्न 3 बजे से प्रारंभ होगा।

### शिविर में 419 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**रोहतक।** समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन की अध्यक्षता में रक्त दान शिविर के पांचवे दिन देश स्मारक स्थल अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बावा सूखा शाहने बताया कि आज के शिविर में मुख्य अतिथि महंत बाबा खुशहाल दास ( डेरा सत जिंदा कल्याणा) कलानौर ने शिविर में पहुंच कर अपना आशीर्वाद रक्तदाताओं को दिया।

### निगम आयुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रोहतक।** मंगलवार को नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा सांपला नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पालिका के कार्य का निरीक्षण किया, वहीं लोगों की समस्याएं सुनी। सुबह नगर निगम आयुक्त डॉ आंनद शर्मा पालिका कार्यालय पहुंचे। एसडीएम उत्सव आनंद, नगरपालिका चेयरपर्सन पूजा बिजेंदर इंदौरा व बीजेपी मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री भी पहुंचें। अधिकारी ने पालिका की कार्य शैली संबंधी जानकारी ली।

### डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. हरीश कुमार ने किया शुभारंभ

# एमडीयू में दीक्षारंभ उत्सव में विद्यार्थियों को दिए गए जीवन निर्माण के मंत्र

डॉ. शरणजीत कौर और अन्य विशेषज्ञों ने छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



**रोहतक।** सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



**रोहतक।** कार्यक्रम में भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर का स्वागत करते प्रो. सपना गर्ग,प्रो. विनीता हुड्डा,प्रो. गुलशन लाल तनेजा व डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. हरीश कुमार ।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ उत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. हरीश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि किया। कार्यक्रम में भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। विशिष्ट अतिथि डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि वे अपने मन के भावों को खूबसूरत बनाएं और शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ें। उन्होंने नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने और समावेशिता को अपनाने पर बल दिया।

डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. हरीश कुमार युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से प्रेरणा लेने, टेक्नोलॉजी और समय का सदुपयोग करने, पुस्तकों और समाचार पत्रों को पढ़ने की आदत विकसित करने और स्वयं जीवन का ध्येय निर्धारित करने की बात कही। प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा ने विश्वविद्यालय में रैगिंग और अनुशासनहीनता के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति की जानकारी दी और छात्रों से एमडीयू के नियमों का पालन करते हुए अनुशासित वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने की अपील की। सीडीओई निदेशक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने डिस्टेंस और ऑनलाइन मोड से संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से स्नातक स्तर पर डिस्टेंस मोड में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू किया गया है। उन्होंने छात्रों को जीवन लक्ष्य प्राप्ति का मंत्र भी दिया। प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जागलान ने समाज में महिलाओं को समान अधिकार, हक और सम्मान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक जागरूकता अभियानों की सराहना की और एमडीयू एलुमना पद्मजय के आइडिया डेफटेरिया को एक अनूठा सामाजिक नवाचार बताया। लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक ने विवेकानंद पुस्तकालय की सुविधाओं, ई-रिसोर्सेज और प्रिंट संसाधनों की जानकारी देते हुए छात्रों से रीडिंग हैबिट विकसित करने की अपील की। डिप्टी डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सोनू ने छात्र कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज बारे जानकारी दी। प्रतिष्ठित न्यूट्रीशियनिस्ट निकिता गर्ग ने हेल्दी लाइफस्टाइल बारे बताया। निदेशक यूनिवर्सिटी आउटरीच एवं यूथ रेड क्रॉस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान ने आउटरीच एवं यूथ रेड क्रॉस की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

#### एनएसएस गतिविधियों के बारे में दी जानकारी

एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी ने एनएसएस गतिविधियों बारे जानकारी दी। सुनो नहरों की पुकार अभियान के जनक डा. जसमेर हुड्डा ने नहरों एव नदियों महत्व एवं उनको साफ एवं स्वच्छ रखने बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस की तरफ से नशा मुक्ति बारे तथा भारतीय डाक कार्यालय से डाक कार्यालय की योजनाओं बारे विशेष जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रो. सविता राठी ने स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन डॉ. कविता ने किया। निदेशक, युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी और उनकी टीम ने कार्यक्रम के समन्वयन में सहयोग किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रो. रणदीप राणा, प्रो. विनीता हुड्डा, प्रो. सपना गर्ग, प्रो. गुलशन लाल तनेजा, प्रो. सोनू, डॉ. सतीश मलिक, प्रो. सुधीर कुमार, डायरेक्टर, प्रो. अंजू धीमान, प्रो. सविता राठी, डॉ. जसमेर हुड्डा, डॉ. कविता हुड्डा, डॉ. महक दांगी, डॉ. स्वाति सिंह, ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, सुनील जागलान, एमडीयू के शिक्षक और नवागंतुक स्नातक विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

**रोहतक।** मंगलवार को जिले के गांव खेड़ी साध में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया, अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के करीब सौ पौधे फलदार व छायादार लगाए। मौके पर मौजूद लोगों ने पौधों की देखभाल की शपथ ली। जिसमें महंत राजेंद्र दास तपो भूमि जतेला धाम माजरा मुख्यतिथि रहे उनके साथ सुनील पहलवान, कुलदीप देसवाल मास्टर शीलक, मास्टर राकेश, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महताब सिंह, कर्मवीर फौजी, नरेश कुमार खनगवाल सहित गणमान्य मौजूद रहे रहे।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए डीन एकेडमीक हरीश आर्य को ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ व अन्य सदस्य।

### रक्तदान शिविर में 419 यूनिट रक्त एकत्रित किया

रोहतक। समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन की अध्यक्षता में रक्त दान शिविर के पांचवे दिन देश स्मारक स्थल अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बावा सूखा शाहने बताया कि आज के शिविर में मुख्य अतिथि महंत बाबा खुशहाल दास ( डेरा सत जिंदा कल्याणा) कलानौर ने शिविर में पहुंच कर अपना आशीर्वाद रक्तदाताओं को दिया। राष्ट्र देवों भवः मिशन के सभी सदस्यों ने फूल मालाओं से महंत बाबा खुशहाल दास का आदर सत्कार किया। संत बाबा सुखा शाह एवं महंत खुशहाल दास ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर, प्रशंसा पत्र तथा हेलमेट दे कर सम्मानित किया तथा युवाओं को रक्त देने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान संजय सिक्का समाजसेवी सुभाष गोगिया समाजसेवी,अनुज चावला समाजसेवी, सरदार मनप्रीत सिंह, पंकज कपूर चेयरमैन, बलराज खुराना, डॉक्टर सी आर नगर, अश्वनी वशिष्ठ, डॉक्टर लतेश, प्रीति रेड क्रॉस एवं सरदार निर्मल सिंह मौजूद रहे। पीजीआई, ब्लड बैंक द्वारा इस शिविर में आज 96 यूनिट रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और रक्त शिविर में 419 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में महिलाओं के लिए आयोजित किया गया विशेष उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



जिला के गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में महिलाओं के लिए एक विशेष उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की सभी महिला कर्मचारियों, छात्राओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या सुमन शेखावत ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि की भूमिका अदा करते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का एक सुंदर उदाहरण बना। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने भाग लिया और सुंदर मेहंदी डिज़ाइनों से सभी का मन मोह लिया। छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने झूलों का आनंद लिया, सामूहिक नृत्य किया और पारंपरिक 'सामण' गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया। विद्यालय प्रांगण में सभी एकत्र हुए, जहां बच्चों ने रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाई और आकाश को और भी सुंदर बना दिया। खेल और मस्ती के इस माहौल में सभी ने विद्यालय परिसर की सभी महिला कर्मचारी इस आयोजन में उपस्थित रहीं और पूरे आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। सभी ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया और इसे एक अविस्मरणीय दिन के रूप में संजोएगा।

## वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में डी-लिफ्ट इंडिया एलएलपी की प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में मंगलवार को डी-लिफ्ट इंडिया एलएलपी द्वारा एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव कॉलेज के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित की गई, जिसमें एमबीए के अंतिम वर्ष के छात्र व हाल ही में स्नातक हुए विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में टैली-सेल्स एग्जीक्यूटिव और सेल्स एक्जीक्यूटिव जैसे पदों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। चयनित विद्यार्थियों को 5 लाख प्रतिवर्ष तक का आकर्षक पैकेज ऑफर किया गया। डी-लिफ्ट इंडिया एलएलपी भारत की एक प्रमुख कंपनी है, जो प्रीमियम एलॉय साइकिल फ्रेम्स के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है। यह कंपनी हरियाणा स्थित अपने आधुनिक निर्माण संयंत्र से कार्य करती है और भारत एवं विदेश की शीर्ष साइकिल ब्रांडों को ओईएम सेवाएं प्रदान करती है। डी-लिफ्ट इंडिया की निर्माण प्रक्रिया में नवीनतम तकनीक, उच्च गुणवत्ता की सामग्री और वैश्विक मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण शामिल है। कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल साइकिल फ्रेम्स उपलब्ध कराना है। कॉलेज के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. अंकित बंसल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि कॉलेज का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्तम करियर अवसर उपलब्ध कराना है । इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष और स्टाफ मौजूद रहे ।

#### कंपनी हेड का किया स्वागत

कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपक गोयल ने कंपनी से आई हुई एच.आर. डिपार्टमेंट हेड रितु व उनकी टीम का स्वागत किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक गोयल ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर साबित किया है कि वे इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हैं। डी-लिफ्ट इंडिया जैसी अग्रणी कंपनी द्वारा हमारे छात्रों को चुना जाना, हमारे प्रशिक्षण की गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के प्लेसमेंट आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करेंगे।

## एमडीयू ने एनएटीएस के तहत अप्रेंटिसशिप शुरू करने के लिए बीओएटी के साथ किया एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



शिक्षा जगत और उद्योग के बीच की खाई को पाटने की एक ऐतिहासिक पहल के तहत महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय, अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) के तहत अप्रेंटिसशिप-आधारित डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के कार्यान्वयन को सुगम बनाता है। ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 2025 दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं और स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण को एकीकृत करते हैं। न्यूनतम एक सेमेस्टर से लेकर अधिकतम चार सेमेस्टर तक। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विनीत जोशी, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, संजय कुमार, सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय; और गोविंद जायसवाल, संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। एमडीयू की ओर से कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति इस आदान-प्रदान समारोह में रही।



### पुलिसकर्मियों के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर

रोहतक। सुनारियां स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार की अध्यक्षता में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पॉजिट्रोन सुपर स्पेशलिटी एंड कैंसर अस्पताल तथा आई-क्यू आई अस्पताल के सहयोग से किया गया। शिविर का संचालन डॉ. पूजा, फार्मेसी अधिकारी राजकुमार एवं एमपीएचडब्ल्यू सरिता की देखरेख में किया गया। शिविर में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं एवं उनके परिजनों की नेत्र जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां भी वितरित की गईं। पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर पुलिसकर्मियों की सेहत का ध्यान रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। यह स्वास्थ्य शिविर सामाजिक सरोकार की भावना के साथ आयोजित किया गया, जिसमें भाग लेने वाले सभी चिकित्सा कर्मियों और संस्थाओं का आभार प्रकट किया गया।

## आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** एमडीयू में आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर एक संगठित विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के घेराव के रूप में हुआ, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों ने नारेबाजी की और प्रशासन से छात्रहित में तत्काल निर्णय की मांग की।प्रदर्शन के केंद्र में रहे 13 प्रमुख छात्रहित मुद्दे, जिनमें से एक प्रमुख मुद्दे को विश्वविद्यालय प्रशासन ने तुरंत माना , विद्यार्थियों ने कुलपति कार्यालय में डीन एकेडमीक हरीश आर्य को विस्तारपूर्वक 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। छात्रों की मांगों में शिक्षा, फीस, हॉस्टल, मूल्यांकन, छात्रवृत्ति, खेल, हेल्पलाइन, पोषण और पारदर्शिता जैसे मुद्दे शामिल थे। दीपक धनखड़ ने मांग रखते हुए कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्स विद्यार्थियों को सातवें सेमेस्टर में प्रमोट किया जाए ।

## डीसी धर्मेंद्र सिंह ने महम में बुजुर्गों और दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण

100 से अधिक जरूरतमंद लोगों को रेडक्रॉस समिति द्वारा दी गई सहायता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम



**महम।** जरूरतमंद बुजुर्ग को सहायक उपकरण प्रदान करते जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह व उनके साथ मौजूद अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस समिति द्वारा एलिम्को कंपनी भारत सरकार के सहयोग से महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सभागार में मंगलवार को दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक जन के लिए लगाए गए उपकरण वितरण समारोह में उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिक जन और दिव्यांग जन को विभिन्न प्रकार के उपकरण वितरित किए। एसडीएम मुकुंद ने इस अवसर पर उपायुक्त महोदय को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस समिति का लक्ष्य है कि वह ग्रामीण स्तर पर वरिष्ठ नागरिक जन और दिव्यांगजन को सेवा पहुंचाएं। इस अवसर पर उन्होंने बैटरी वाली रिक्शा, हाथ वाली रिक्शा, व्हील चेयर, कमबोर्ड चेयर, कानों की मशीन, कमर की बेल्ट, कॉलर सहित विभिन्न उपकरण वितरित किए गए। ये उपकरण भारत सरकार की एलिम्को कंपनी के सहयोग से वितरित किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि अब बड़े-बड़े गांवों मे ग्रामीण स्तर पर दिव्यांगजन के लिए और वरिष्ठ नागरिक जन के लिए जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
➢ Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
➢ Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
➢ Best Lighting for study
➢ Separate Seats for Girls
➢ Employment Newspaper
➢ Well furnished & Fully A.C.
➢ Free Wi-Fi Zone
➢ 24x7 power backup
➢ Parking Facility
➢ CCTV Surveillance
➢ Reserve Seats Available
➢ Fix Seats Available
➢ Seats with Computer Facility available
Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
RMO 4
ICU STAFF 6
NURSING STAFF 4
PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
COMPUTER OPERATOR 1
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF MAA KAAMAL FOUNDATION
DR. S.K. SAINI Director
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
फीस में 50% की विशेष छूट सभी के लिए सीमित समय के लिए
पहले आयें-पहले पायें। छात्रावास सुविधा। रविवार खुला है
DIPLOMA IN G.N.M. (MALE/FEMALE)
योग्यता :- 12th (किसी भी विषय में)
अवधि :- 3½ वर्ष | कुल सीटें :- 60
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफ लाईन दोनों मोड में।
आजही अपने प्रमाण पत्रों के साथ आकर मिलें।
अतिशिघ्र आवश्यकता है:-
•G.N.M. -20
•MEDICAL LAB. TECH.-20
जो थ्योरी व प्रेक्टिकल दोनों करवा सके।
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221

# वार्ड 21 और 22 में नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, लोगों की समस्याएं सुनकर दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वार्ड नं. 21 और 22 का दौरा कर स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ वार्ड नं. 22 की पार्षद सुमन के प्रतिनिधि श्रीभगवान और वार्ड नं. 21 के पार्षद बिजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। आयुक्त ने मौके पर लोगों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत वार्ड नं. 22 के राम नगर क्षेत्र से हुई, जहां सीवरेज व पीने के पानी की समस्या सामने आई। डॉ. शर्मा ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को इन समस्याओं के जल्द समाधान के आदेश दिए। इसके बाद गांव सुनारियां का दौरा कर नालों, गलियों और तालाबों की स्थिति का जायजा लिया गया। नगर निगम के कार्यकारी अभियंता को इन मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वार्ड नं. 21 में निरीक्षण के दौरान गांव पहरावर के पार्क और शमशान भूमि के स्थानांतरण की बात उठाई गई। वहीं, गांव कन्हेली के नालों और गलियों की स्थिति और एकता कॉलोनी में पीने के पानी की समस्या पर भी चर्चा हुई।

अधिकारियों ने बताया कि कॉलोनी की कुछ गलियों में पानी की पाइप लाइन डाली जानी है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। इस बीच, आयुक्त ने निर्देश दिए कि पाइप लाइन डालने तक टैंकरों के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार धनखड़, सहायक अभियंता विरेंद्र हुड्डा, मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन, भवन निरीक्षक रवि कुमार, कनिष्ठ अभियंता विक्रम गिल, रमन मलिक, संदीप राठी समेत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।




रोहतक। अलग-अलग वार्डों का निरीक्षण कर लोगों से बातचीत करते आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## प्रभावित गांवों को 24 घंटे बिजली दी जाए और 24 घंटे पंप चलाए जाएं

# पानी निकासी इंतजामों का जायजा लेने सैमाण भैणीसुरजन और बहलबा गांव पहुंचे डीसी

- डीसी ने कहा कि अधिकारी जल निकासी के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने मंगलवार को सैमाण, भैणी सुरजन और बहलबा गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में जाकर वहां पर बरसाती पानी निकासी के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया। मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जल भराव से संबंधित गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो तथा जल निकासी के लगाए गए पंप भी 24 घंटे चलाए जाए। धर्मेंद्र सिंह ने महम के उपमंडलाधीश मुकुंद तंवर तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उपमंडल के गांव सैमाण, भैणी सुरजन व बहलबा में जल निकासी की समीक्षा की। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों से भी जल निकासी बारे बातचीत की तथा कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र ही जल निकासी का कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने सैमाण के सरकारी स्कूल में जाकर जल निकासी का निरीक्षण किया, जहां से पंप लगाकर जूई फीडर में जल निकासी का कार्य किया जा रहा है।



महम। खेतों में जमा बरसाती पानी की निकासी के इंतजामों का निरीक्षण करते डीसी धर्मेंद्र सिंह व उनके साथ मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों को दिए निर्देश

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सैमाण व भैणी सूरजन गांवों में खेतों से जल निकासी का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित स्थानों पर जल निकासी के लिए लगाए गए सभी पंपों को लगातार चलाएं ताकि शीघ्र जल की निकासी हो सके। उन्होंने बहलबा मंदिर के पीछे जल निकासी के प्रबंधों का भी निरीक्षण किया। यहां पर दो पंप सेट लगाकर बहलबा माइनर में जल की निकासी की जा रही है। इस अवसर पर महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मुकुल दहिया, तहसीलदार रवि, सिंचाई विभाग की मैकेनिकल एसडीओ सुजीत सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने स्कूलों को निर्देशित किया

- 2025-26 सत्र के प्रवेशों के दस्तावेज एक माह में करें अपलोड

रोहतक। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने राज्य के सभी संबद्ध विद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं कि वे शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में सीधा प्रवेश लेने वाले या विद्यालय परिवर्तन करने वाले छात्रों के आवश्यक दस्तावेजों को प्रवेश की तिथि से एक माह के भीतर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर दिए गए लिंक के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करें। बोर्ड प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा दसवीं में दाखिले के लिए छात्रों को कक्षा नौवीं या दसवीं की अंकतालिका रिपोर्ट कार्ड, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट टीसी की प्रमाणित प्रति और अन्य राज्यों से आने वाले छात्रों के लिए सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित अपलोड करना अनिवार्य होगा। कक्षा बारहवीं में दाखिले हेतु कक्षा दसवीं का प्रमाण पत्र, ग्यारहवीं या बारहवीं की अंकतालिका रिपोर्ट कार्ड, प्रमाणित और अन्य राज्यों से आए छात्रों की प्रतिहस्ताक्षरित अपलोड की जानी चाहिए। इसके साथ ही सभी विद्यालयों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे सभी छात्रों के माता-पिता द्वारा नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र भी दस्तावेजों के साथ अपलोड किए जाएं।




## विनोद नांदल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मनाया स्वर्गीय विनोद नांदल का 53वां जन्मदिवस

रोहतक। दिल्ली रोड स्थित विनोद नांदल मेमोरियल पब्लिक स्कूल परिसर में स्वर्गीय विनोद नांदल का 53वां जन्मदिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम परम एवं स्नेह के भंडार विनोद नांदल के जन्मदिवस पर उन्हें ससम्मान श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विद्यालय परिसर में हवन तथा भाषणों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राजेश हुड्डा ने बताया कि विनोद नांदल बचपन से ही बड़े होनहार व्यक्तित्व के धनी थे उन्होंने कम उम्र में ही बड़ी उपलब्धि प्राप्त की थी उनकी याद में ही संस्था की स्थापना की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरियाणवी पंजाबी नाटकों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए यह प्रमाणित कराया गया कि विद्यालय परिसर में आकर ही विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किए गए। अंत में प्रधानाचार्य राजेश हुड्डा ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए, ताकि वह अपने परिवार, समाज में राष्ट्र का नाम रोशन कर सके।



## एचडी स्कूल की छात्रा परिशा राष्ट्रीय स्तर पर सीबीएसई योगासन में करेगी प्रदर्शन

रोहतक। एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने कनिना (महेंद्रगढ़) में 24 से 27 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई ज़ोनल योगासन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अंडर-14 में विद्यालय की टीम, टोप-10 में रही और इसके साथ ही कक्षा 7वीं की परिशा ने बाज़ी मारते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हासिल किया। इस विशेष उपलब्धि को प्राप्तकर विद्यालय टीम ने संपूर्ण क्षेत्र में अपनी योग प्रतिभा का परचम लहराया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विद्यालय की योग प्रशिक्षक एकता एवं विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को श्रेय जाता है। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेन्द्र फोगाट ने टीम व विजेता छात्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एचडी स्कूल के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। एचडी पब्लिक स्कूल परिवार इस सफलता से गौरवान्वित है और भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।




## सीबीएसई क्लस्टर खो-खो में एलबीएस स्कूल काहनौर को स्वर्ण पदक

रोहतक। एलबीएस विद्यालय काहनौर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई क्लस्टर खो-खो प्रतियोगिता में अंडर 14 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में टीम के शानदार खेल प्रदर्शन के कारण होनहार खिलाड़ी राघव निवासी गांव ढराणा को अंडर-14 आयु वर्ग में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी घोषित किया गया। मंगलवार को विद्यालय में चारों तरफ हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ था। इस उल्लेखनीय जीत के लिए राघव, खो-खो टीम व विद्यालय कोच प्रमिला तथा निदेशक दिनेश पूनिया को हार्दिक बधाई दी गई तथा इन सबको सम्मानित भी किया गया ताकि स्कूल के बच्चों को अभिप्रेरित तथा खेलों के प्रति आकर्षित किया जा सके। ज्ञात रहे की एलबीएस विद्यालय के छात्रों की पिछले 15 दिनों में दूसरी उत्कृष्ट उपलब्धि है। इससे पहले इसी महीने 14 तारीख को सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर में रजत पदक प्राप्त किया था। विद्यालय की प्राचार्य रितु सिंधु ने इस अप्रत्याशित जीत से उत्साहित होकर इसका श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत, उनके कोच प्रमिला तथा स्टाफ के सदस्यों द्वारा स्कूल में कायम अनुशासन को दिया। इस अवसर पर खुशी का इजहार करते हुए डॉक्टर वीरेंद्र पाल, मनोज पूनिया तथा सचिन डांगी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की विशेष भूमिका रहती है।

# वादाखिलाफी के खिलाफ नगर निगम कर्मचारियों ने काले बिल्ले और उल्टी झाड़ू से किया रोष प्रदर्शन

- नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने दी आंदोलन की चेतावनी, आयुक्त को सौंपा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी और कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी के विरोध में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम रोहतक में जोरदार रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व इकाई प्रधान शम्भू टांक ने किया, जिसमें कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर और उल्टी झाड़ू लेकर प्रदर्शन करते हुए सरकार के प्रति नाराजगी प्रकट की।

प्रदर्शन के दौरान नगर निगम कर्मचारियों ने आयुक्त कार्यालय पहुंचकर आगामी आंदोलनों की चेतावनी देते हुए नोटिस भी सौंपा।



रोहतक। प्रदर्शन करते नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्य।

मंच संचालन राजपाल टांक ने किया। इस मौके पर राकेश चावरिया ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया और कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों से वार्ताएं तो करती है, लेकिन आज तक किसी भी मांग को लागू करने का पत्र जारी नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि निकाय मंत्री विपुल गोयल द्वारा संघ के नेताओं को समय न दिए जाने से प्रदेश भर में पालिका, परिषद व निगम के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द ही कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया, तो हड़ताल जैसा ठोस कदम उठाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

कर्मचारियों ने सरकार से अपील की है कि वह वार्ताओं में किए गए वादों को जल्द से जल्द लागू करे और कर्मचारियों की जायज़ मांगों को मानते हुए उन्हें उनका हक़ दे, ताकि नाराजगी को समाप्त किया जा सके। इस रोष प्रदर्शन में अशोक थोरिया, रविराज, भीम चावरिया, शंकर टांक, राजकुमार टांक, अमित पिवाल, राजू सौदा, सुरेश पिवाल, सुभाष चावरिया, पुनीत दरोगा, योगेश बिड़लान, सतपाल दरोगा, आजाद दरोगा, वीरेन्द्र लाला, विक्रम दरोगा, सुरेन्द्र चावरिया, प्रतीक बिड़लान, सतपाल बिड़लान, जितेंद्र पवार, रमेश घोघलिया, सुरेन्द्र पारचा, सिंटू कागड़ा, संजय झिंगाल, सतीश बलहारा सहित महिला विंग से राजबाला प्रधान, सुशीला, बाला, दर्शना, सुमन आदि उपस्थित रहे।



## पूर्व नौसैनिक मिलन समारोह संपन्न

रोहतक। जैस्मिन ग्रीन रिजॉर्ट (जहांगीरपुर) में पूर्व नौसैनिक परिवार सम्मेलन बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। इसमें संस्थापक सदस्य रामकुमार मुदगिल, महासचिव अजीत गुलिया, उपाध्यक्ष दिनेश सांगवान, सत्यनारायण शर्मा, रणबीर गिल, सतपाल हुड्डा एवं दूर दराज से आए विशिष्ट अतिथि, अलवर (राजस्थान) पूर्व नौसैनिक एसोसिएन के संस्थापक सदस्य अमर सिंह यादवएवं सीकर राजपूत महासभा के अध्यक्ष ठाकुर रतन सिंह राजपूत व अन्य बहुत सारे नौसैनिक गण अपने अपने परिवार गणों के साथ आए हुए थे। विशिष्ट अतिथियों ने हरियाणा के वरिष्ठ नौसैनिकों का राजस्थानी पगड़ी और राजपूती तलवार भेंट कर सम्मान किया और राजस्थान आने का न्योता देकर, राजस्थानी गानों पे खूब धमाल मचाया। मुदगिल ने पूर्व नौसैनिकों के हित के लिए काफी जानकारियां और नौसैनिकों के उत्थान के लिए बहुत सारी योजनाओं के बारे में बताया और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन तथा साल में चार विशेष आयोजन हरियाली तीज, दिवाली, होली एवं सनातनी हिंदू नव पे रंगारंग कार्यक्रम करने का आश्वासन दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



रोहतक। अपना नामांकन भरते डॉ. चंद्र गर्ग व अन्य सदस्य।

## डॉ. चंद्र गर्ग होंगे वैश्य शिक्षण संस्थान के आगामी अध्यक्ष : प्रो. रामनिवास गुप्ता

रोहतक। उद्योगपति एवं एच डी शिक्षण संस्थान पानीपत के पूर्व अध्यक्ष रामनिवास गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर चंद्र गर्ग स्वच्छ छवि एवं दृढ़ व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं और वह संस्था को कुशल नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

गवर्निंग बॉडी चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन रामनिवास गुप्ता की अगवाई में डॉक्टर चंद्र गर्ग ने अन्य चार पदाधिकारी प्रत्याशियों के साथ अपने नामांकन पत्र भरे, जिसमें उप प्रधान पद के लिए राधे श्याम गुप्ता, महासचिव पद के लिए नितिन तायल, सह सचिव पद के लिए अनिल बंसल व कोषाध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार बेरीवाल ने नामांकन फॉर्म भरे। साथ ही कार्यकारी सदस्य पद के लिए भी फॉर्म भरे गए। दीपक जिंदल, सतीश गोयल, शंकर लाल गर्ग, राघव गर्ग, मुन्नीलाल गर्ग, विनय गर्ग, विकास कंसल, नरेंद्र बंसल, पवन सिंगला, अशोक गोयल, नवनीत गोयल, आकाश गुप्ता, मोहित गोयल, मनोज गर्ग सहित 30 से अधिक कॉलेजियम सदस्य उपस्थित रहे। सुरेश तायल चेयरमैन पाईट इंस्टीट्यूट पानीपत, सतीश गोयल पानीपत, पवन तायल पूर्व महासचिव, दीपक गुप्ता, संदीप गुप्ता, दिनेश तायल, रमन गुप्ता सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति साथ रहे।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सरकार की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का रोहतक में ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने पावर हाउस पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदेशों को वापस लेने की मांग की। ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के राज्य सचिव धर्मराज कुंडू ने कहा कि प्रदेश में सभी 300 से अधिक सब युनिट पर प्रदर्शन कर प्रतियां जलाई गई हैं। बिजली निगमों में सर्वाधिक हादसों की संख्या के मद्देनजर पॉलिसी जी का जंजाल साबित होगी। यूनियन की मांग है कि बिजली निगमों में एक्स ग्रेशिया स्कीम में पहले 5 साल और सेवा काल के अंतिम 6 साल को भी जोड़ा जाए। धर्मराज कुंडू ने कहा कि सरकार हादसों को बढ़ावा देने वाली ऑनलाइन तबादला नीति जारी कर रही है, जिसके लिए यूनियन को पक्ष रखने का मौका नहीं मिला। जल्दबाजी में निर्णय लागू किया गया है। आगामी 5 अगस्त को पूरे प्रदेश में सभी कार्यकारी अभियंता के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव बिजली निगम और बिजली मंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन देंगे। यूनियन के राज्य नेता मंजीत बजाड़ ने कहा कि शहर के 2 उपमंडल में काम कर रही संध्या कंपनी उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा समय पर नहीं कर रही। 11 केवी फीडर मैंटेनेंस संबंधित कार्यों के नहीं होने बारे फील्ड जेई उपमंडल अधिकारियों को लिखित में देते रहते हैं, लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उससे निगम की छवि खराब हो रही है। 33 केवी लाईनों पर कभी भी संध्या कंपनी ने काम नहीं किया है। ऐसे में कांट्रेक्ट की शर्तों अनुसार कांट्रेक्ट रद्द करना चाहिए।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि




## सात को होंगी जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता

रोहतक। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुलशन शर्मा की संस्था फाइव-एस चैरिटेबल स्पोर्ट्स आर्गनाइजेशन द्वारा 7 अगस्त को सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल ग्राउंड पर राष्ट्रीय जेवलिन दिवस पर जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस का निर्णय मंगलवार को सैनी एजुकेशन सोसायटी के प्रधान अविनाश सैनी, सेक्रेटरी जगदीश सैनी, मैनेजर दया सिंह सैनी, जनरल सेक्रेटरी डाक्टर राजेश सैनी उपाध्यक्ष बुधराम सैनी, कैशियर नफे सिंह सैनी,कार्यकारिणी सदस्यों गौतम सैनी प्रवीन सैनी, विक्रम सैनी, श्याम कटारिया के साथ एक मीटिंग में लिया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन नीरज चोपड़ा के टोकियों ओलम्पिक में गोल्ड मेडल जीतने के उपलक्ष्य में हर साल किया जाता है, जिसकी घोषणा एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया ने 2022 में की थी। राष्ट्रीय जेवलिन दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर होंगे। गायक शम्मी शमिंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। राजेंद्र शर्मा जी मंच संचालन करेंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष विभिन्न आयु वर्ग में भाग ले सकते हैं। आयु वर्ग में 12-14,14-16,16-18,18-20 व 20-30 इस प्रतियोगिता में केवल रोहतक जिले के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।